मिशन शक्ति टीम के साथ गोष्ठी कर एसपी ने दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। मल्हीपुर थाने का मंगलवार रात एसपी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दैनिक कार्यों की जानकारी लेते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही गोष्ठी का आयोजन किया।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने मंगलवार रात मल्हीपुर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क ,कार्यालय, सीसीटीएनएस पर मौजूद कर्मचारियों से दैनिक कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही थाने के अभिलेखों की जांच कर उनके रखरखाव के लिए आवश्यक निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर, बैरक, कार्यालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने व थाना परिसर पर निर्माणाधीन आवासों का भी निरीक्षण कर जल्द से जल्द कार्यों का पूरा करने के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने महिला कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जयहरि मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

एसएसबी व नेपाल एपीएफ ने की संयुक्त सीमा गश्त

श्रावस्ती। एसएसबी व नेपाल एपीएफ ने बुधवार संयुक्त रूप से सीमा गश्त किया। इस दौरान सीमा चौकी तुरसमा पर क्षेत्र में द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में समन्वय बैठक आयोजित हुई। एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार वरुण के नेतृत्व में नेपाल एपीएफ के डीएसपी पूरण न्यूपाना पे जवानों के साथ सीमा क्षेत्र का संयुक्त गश्त की। सीमा चौकी तुरसमा के प्रभारी निरीक्षक सामान्य राज कुमार, पुलिस के उपनिरीक्षक अरुण सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

श्रावस्ती पुलिस की अपील छात्राएं निडर होकर करें शिकायत

महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाया विशेष अभियान

जिला ब्यूरो हसमत हुसेन खाँन

श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बच्चों की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु संचालित "मिशन शक्ति" अभियान के पाँचवे चरण के तहत, महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पीड़ित महिलाओं से मुलाकात की। इस विशेष अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना और समाज में जागरूकता लाना है।महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत जागरूकता चौपाल लगाकर महिलाओं/बच्चों तथा आम जन को जागरूक किया गया जिसके क्रम में जनपद की शक्ति मोबाइल टीम ने थाना क्षेत्र मल्हीपुर मे ग्राम शिवगढ़ कला वा शाहपुर ग्राम धोबिया मे, थाना को0 भिनगा की महिला बीट पुलिस अधिकारी महिला आरक्षी अन्नपूर्णा व महिला आरक्षी सुनीता के द्वारा चौकी लक्ष्मणपुर बाजार के अंतर्गत लिटिल फ्लावर स्कूल में, थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती की महिला कांस्टेबल मधुलिका सिंह व महिला कांस्टेबल मीरा द्वारा बेदौरा मसरिक, ग्राम बेलहा राघव व अहिराणपूर्वा में, थाना इकौना मिशन शक्ति टीम की मा0 आ0 प्रिया चौधरी व महिला आरक्षी कुमारी आरती ने ग्राम कोडरी केवट दा0 सेमगढ़ा में जाकर पीड़िताओं से मुलाकात की व थाना गिलौला की शक्ति टीम द्वारा ग्राम गुट्रहरु व रामपुर कटेल मे महिलाओं/बालिकाओं को उनके सम्मान, अधिकार से अवगत कराते हुए एवं स्वालंबन मिशन शक्ति के दृष्टिगत सरकार द्वारा चलाये गये मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के तहत बाल विवाह, लैंगिक समानता के बारे में एवं महिला सम्बन्धी अधिकारो के बारे मे तथा साइबर अपराध की रोकथाम के बारे जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के भावना को समाज में प्रोत्साहित करना है। महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए आवश्यक सहायता और जागरूकता प्रदान करना उत्तर प्रदेश पुलिस का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है।महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में समाज के हर सदस्य की भागीदारी आवश्यक है। मिशन शक्ति-5 के माध्यम से हम महिलाओं के प्रति सुरक्षित वातावरण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर हैं। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि इस अभियान में अपनी भूमिका निभाएं और समाज में सुरक्षा, सम्मान और समानता के मूल्यों को बढ़ावा दें।